पुलिस भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया

सत्यापन



रक्षी नागरिक पुलिस भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष संपन्न कराने का जांच करते एएसपी।

श्रावस्ती,संवाददाता। आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में अभ्यर्थियों के चिकित्सीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया आयोजित की गई।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने चिकित्सीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन में लगे चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थियों का परीक्षण एवं सत्यापन निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ किया जाए। प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुरुवार को कुल पांच अभ्यर्थियों की भर्ती संबंधी प्रक्रिया पूरी की गई। इनमें एक महिला और चार पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चिकित्सीय परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन की पूरी कार्यवाही सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई। साथ ही पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। इस अवसर पर चिकित्सक, प्रतिसार निरीक्षक सहित भर्ती प्रक्रिया में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।